शुगर प्रॉडक्शन 2.1% बढ़ा, UP में उत्पादन की रफ्तार कम

मौजूदा मार्केटिंग ईयर के दौरान 15 दिसंबर तक शुगर प्रॉडक्शन 70.5 लाख टन रहा

- महाराष्ट्र में इस साल 15 दिसंबर तक प्रॉडक्शन बढ़कर 29 लाख टन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 25.7 लाख टन था
- यूपी में 15 दिसंबर तक शुगर प्रॉडक्शन 18.9 लाख टन रहा, जो पिछले साले के 23.3 लाख टन के मुकाबले कम है

[पीटीआई | नई दिल्ली]

मौजूदा मार्केटिंग ईयर में अभी तक शुगर प्रॉडक्शन पिछले साल के मुकाबले 2.1 पर्सेंट ज्यादा रहा है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) ने मंगलवार को बताया कि मार्केटिंग ईयर के दौरान 15 दिसंबर तक शुगर प्रॉडक्शन 70.5 लाख टन रहा।

मार्केटिंग ईयर 2017-18 की इसी अवधि के दौरान 69 लाख टन का प्रॉडक्शन हुआ था। शुगर मार्केटिंग ईयर 1 अक्टूबर से शुरू होकर 30 सितंबर को खत्म होता है। आईएसएमए ने कहा कि इस मार्केटिंग ईयर में 315 लाख टन शुगर प्रॉडक्शन होने का अनुमान है।

यह पिछले साल के 325 लाख टन के शुगर प्रॉडक्शन से थोड़ा कम है। भारत दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा शुगर प्रॉडक्शन करने वाला देश है। 2018-19 के दौरान 260 लाख टन शुगर के खपत का अनुमान है। आईएसएमए ने बताया, '15 दिसंबर तक 462 शुगर मिलों में गन्ने की पेराई हो रही थी और उन्होंने 70.5 लाख टन शुगर का प्रॉडक्शन किया है। यह पिछले साल के 69 लाख टन के प्रॉडक्शन से 2.1 पर्सेंट ज्यादा है।'

देश में शुगर प्रॉडक्शन वाले सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में इस साल 15 दिसंबर तक प्रॉडक्शन बढ़कर 29 लाख टन रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान 25.7 लाख टन था। राज्य की करीबी 176 मिलों में प्रॉडक्शन हो रहा है और अभी तक औसत शुगर रिकवरी 10.18 पर्सेंट रही है, जो एक साल पहले 10.10 पर्सेंट थी। शुगर प्रॉडक्शन के मामले में देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य यूपी में 15 दिसंबर तक शुगर प्रॉडक्शन 18.9 लाख टन रहा, जो पिछले साले के 23.3 लाख टन के मुकाबले कम है। हालांकि इस मामले में देश के तीसरे बड़े राज्य कर्नाटक में प्रॉडक्शन बढ़ा है। कर्नाटक में इस साल अभी तक 13.9 लाख टन शुगर प्रॉडक्शन रहा, जो एक साल पहले 11.2 लाख टन था।

आईएसएमए ने बताया, 'सामान्य से कम बारिश होने और महाराष्ट्र के कई इलाकों में गन्ने में सफेद कीड़े की मार के चलते शुगर प्रॉडक्शन पर काफी असर पड़ा है। इस बार महाराष्ट्र में पिछले साल के मुकाबले कम शुगर प्रॉडक्शन की उम्मीद है।' एसोसिएशन ने कहा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक में अभी तक शुगर प्रॉडक्शन पिछले साल के मुकाबले ज्यादा रहा है क्योंकि वहां कि मिलों ने इस साल पहले ही पेराई शुरू कर दी थी। वहीं यूपी में मिलों ने देर से पेराई शुरू की है, इसलिए वहां प्रॉडक्शन कम रहा है।

इस साल के 15 दिसंबर तक गुजरात में 310,000 टन, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में 105,000 टन और तमिलनाडु में 85,000 टन शुगर का प्रॉडक्शन हुआ है। बिहार में अभी तक 136,000 टन, पंजाब में 35,000 टन, हरियाणा में 90,000 टन और मध्य प्रदेश में 65,000 टन शुगर प्रॉडक्शन रहा है।

Economic Times
19/12/18